TickMark.Ai
Mumbai

Class: EM - CLASS 10 | **Subject:** Hindi | **Time:**1 hrs

Date: 13-04-2026 | **Paper:** Class Test | **Marks:**30

1) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ कर सूचना के अनुसार कृतियां कीजिए **(6)**

विजय केवल लोहे की नहीं, धर्म की रही धरा पर धूम
भिक्षु होकर रहते सम्राट, दया दिखलाते घर-घर घूम ।

'यवन' को दिया दया का दान, चीन को मिली धर्म की दृष्टि
मिला था स्वर्ण भूमि को रत्न, शील की सिंहल को भी सृष्टि ।

किसी का हमने छीना नहीं, प्रकृति का रहा पालना यहीं
हमारी जन्मभूमि थी यहीं, कहीं से हम आए थे नहीं ।

चरित थे पूत, भुजा में शक्ति, नम्रता रही सदा संपन्न
हृदय के गौरव में था गर्व, किसी को देख न सके विपन्न ।

TickMark.Ai

(1) कृति पूर्ण कीजिए : (2)



(2) उत्तर लिखिए : (2)

(i) पद्यांश से लय-ताल युक्त शब्द ढूँढ़कर लिखिए :

(1) .... (2) ....

(ii) निम्नलिखित प्रत्यययुक्त शब्दों के मूलशब्द पद्यांश से ढूँढ़कर लिखिए :

(1) दयालु - .... (2) प्राकृतिक - ....

(3) उपर्युक्त पद्यांश की प्रथम चार पंक्तियों का सरल अर्थ 25 से 30 शब्दों में लिखिए । (2)

2) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए **(4)**

संस्कृति ऐसी चीज नहीं है कि जिसकी रचना दस-बीस या सौ पचास वर्षों में की जा सकती हो। अनेक शताब्दियों तक एक समाज के लोग जिस तरह खाते-पीते रहते-सहते, पढ़ते-लिखते, सोचते-समझते और राज-काज चलाते अथवा धर्म-कर्म करते हैं, उन सभी कार्यों से उनकी संस्कृति उत्पन्न होती है। हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें हमारी संस्कृति की झलक होती है। यहाँ तक कि हमारे उठने-बैठने, पहनने-ओढ़ने, घूमने-फिरने और रोने-हँसने में भी हमारी संस्कृति की पहचान होती है। हमारा कोई भी काम हमारी संस्कृति का पर्याय नहीं बन सकता। असल में संस्कृति जिंदगी का एक तरीका है और यह तरीका सदियों से जमा होकर उस समाज में छाया रहता है, जिसमें हम जन्म लेते हैं। इसलिए जिस समाज में हम पैदा हुए हैं, अथवा जिस समाज से मिलकर हम जी रहे हैं, उसकी संस्कृति हमारी संस्कृति है।

(1) घटक लिखिए: (2)

संस्कृति की पहचान करनेवाले घटक

(i) .... (ii) ....

(iii) .... (iv) ....

(2) विधानों को पढ़कर केवल सही अथवा गलत लिखिए: (2)
(i) समाज के लोगों के कार्यों से उनकी संस्कृति उत्पन होती है।
(ii) हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें हमारी संस्कृति की झलक नहीं होती।
(iii) जिस संस्कृति में हम पैदा हुए हैं उसकी संस्कृति हमारी संस्कृति है।
(iv) संस्कृति जिंदगी का तरीका नहीं है।

3) निम्नलिखित वाक्य के अधोरेखांकित शब्द का शब्दभेद पहचानकर लिखिए **(2)**

(1) रतन, धीरे-धीरे चल।

(2) कुत्ता इंसान का ईमानदार मित्र होता है।

4) निम्नलिखित अव्यय का वाक्य में प्रयोग कीजिए **(2)**

(1) के बगल

(2) कभी-कभी

5) निम्नलिखित वाक्य में से सहायक क्रिया को पहचानकर उसका मूल रूप लिखिए **(2)**

(1) एक जगह खाने पर चले गए।

(2) कोई भी आए में चुपचाप पड़ा रहूँगा।

6) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए **(2)**

(1) पौ बारह होना

(2) चेहरा मुरझाना

7) अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए उचित मुहावरे का चयन कर वाक्य फिर से लिखिए **(2)**

(1) (दाद देना, हाथ खोलकर बाँटना)
रोशन के हिम्मत की प्रशंसा तो पुलिस अफसर ने भी की।

(2) (पानी-पानी होना, गुजर-बसर होना)
कौरवो की भरी सभा में द्रौपदी को लज्जित होना पड़ा|

8) निम्नलिखित जानकारी का उपयोग कर औपचारिक पत्र लिखिए **(5)**

शुभम / शुभांगी, 45, गणेश नगर, जलगाँव से व्यवस्थापक, मीरा पुस्तक भंडार, नेताजी मार्ग, नासिक को हिंदी पुस्तकों की माँग करते हुए पात्र लिखता /लिखती है।

9) विज्ञापन लेखन **(5)**

निम्नलिखित जानकारी के आधार पर 50 से 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए :



All the Best